प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 2024-25

हिंदी (ब) (कोड संख्या-085)

कक्षा–दसवीं

निर्धारित समय : 3 घंटे | अधिकतम अंक : 80

सामान्य निर्देश :

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं–क, ख, ग और घ
- खंड क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्नपत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

खंड–क
(अपठित बोध)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 7

दुनिया में इस समय दिन दूनी, रात चौगुनी गति से प्रगति हो रही है। कुछ समय पहले तक असंभव सी लगने वाली चीजें आज प्रौद्योगिकी की मदद से सरलता से परिणाम तक पहुँच रही हैं। एक समय संगणक के विकास ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव किया था। अब कृत्रिम बौद्धिकता ने चिकित्सा से लेकर हथियारों के निर्माण तक हर क्षेत्र में कंप्यूटर और रोबोट के प्रयोग को नया आयाम दिया है। पारंपरिक कंप्यूटर की दुनिया में इस प्रगति के समानांतर एक और अनुसंधान चल रहा है, जिसका नाम है 'क्वांटम कंप्यूटिंग' यानि अति-सूक्ष्मता का विज्ञान। भारत ने भी अब इस क्षेत्र में गति लाने का ऐलान कर दिया है। भौतिक-शास्त्र के क्वांटम सिद्धांत पर काम करने वाली इस कंप्यूटिंग में असीमित संभावनाएँ देखी जा रही हैं। शोध के लिहाज से यह विषय किसी के लिए भी रुचि का विषय हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार एक पूर्ण विकसित क्वांटम कंप्यूटर की क्षमता सुपर कंप्यूटर से भी ज्यादा आँकी जा रही है। इस क्वांटम कंप्यूटिंग या मैकेनिक्स की खास बात यह है कि इसकी शुरुआत के बाद भारतीय और पश्चिमी वैज्ञानिक यह मान रहे हैं कि भारतीय भाववादी सिद्धांत को जाने बिना कण में चेतना का आकलन नहीं किया जा सकता। क्वांटम भौतिकी और कृत्रिम बौद्धिकता एक तरह से चेतना के भाववादी सिद्धांत को ही अस्तित्व में लाने के उपाय हैं।

प्रश्न–

(क) उपर्युक्त गद्यांश किस विषयवस्तु आधारित है? 1

(*i*) कृत्रिम बौद्धिकता पर (*ii*) दुनिया के विकास पर

(*iii*) संगणक के प्रयोग पर (*iv*) मानव अस्तित्व पर

(ख) दिन दूनी, रात चौगुनी गति से प्रगति हो रही है–पंक्ति से आशय है? 1

(*i*) बहुत ही तेजी से विकास (*ii*) रात दिन काम करना

(*iii*) चारों तरफ विकास होना (*iv*) बहुत अधिक विकास होना

(ग) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए– 1

कथन – क्वांटम कंप्यूटर की क्षमता सुपर कंप्यूटर से भी अधिक है।

निष्कर्ष – इससे विकास की गति को अधिक बल मिलेगा।

(*i*) कथन सही है लेकिन निष्कर्ष गलत है। (*ii*) कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।

(*iii*) कथन गलत है और निष्कर्ष सही है। (*iv*) कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) जीवन को सरल बनाने में प्रौद्योगिकी की भूमिका को स्पष्ट कीजिए। 2

(ङ) अति-सूक्ष्मता का विज्ञान क्या है? 2

2. सूरज हमारी ऊर्जा की सारी कमियों को पूरा कर सकता है। यह एक विशाल रिएक्टर जैसा है। वैज्ञानिकों का प्रयास है कि कृत्रिम सूरज को धरती पर बनाया जाए। इसके लिए ये फ्यूजन तकनीक पर काम कर रहे हैं। सूर्य की चमक इन्सान के लिए हजारों साल से आश्चर्य की वजह रही है। लेकिन करीब सौ साल पहले नई खोज द्वारा पता चला कि सूर्य की बेशुमार ऊर्जा का कारण न्यूक्लियर फ्यूजन है। फिर वैज्ञानिकों ने सोचा कि अगर धरती पर उसी तरह का फ्यूजन कराया जाए जो सूर्य में हो रहा है तो बहुत कुछ बदल जाएगा और लोगों को बेशुमार ऊर्जा मिल जाएगी। आज दुनिया के सबसे बड़े न्यूक्लियर फ्यूजन रिएक्टर में ईंधन परीक्षण को शुरू कर दिया गया है। वैज्ञानिकों की एक टीम फ्रांस में फ्यूजन रिएक्टर को ताकत देने के लिए हाइड्रोजन के एक अत्यंत दुर्लभ रूप की क्षमता का परीक्षण कर रहे हैं। अगर उनका यह परीक्षण सफल होता है तो इससे दुनिया को क्लीन एनर्जी का एक बहुत बड़ा जरिया मिल जाएगा। इससे न केवल जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता घटेगी, बल्कि पर्यावरण को भी लाभ होगा। न्यूक्लियर फ्यूजन लंबे समय तक वातावरण में मौजूद रहने वाले रेडियोधर्मी अपशिष्ट उत्पन्न नहीं करता। यह अक्षय ऊर्जा से भी अधिक विश्वसनीय ऊर्जा स्रोत है। नाभिकीय संलयन द्वारा उत्पन्न ऊर्जा मानवजाति की लंबे समय से चली आ रही खोजों में सबसे महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यह तुलनात्मक रूप से काफी स्वच्छ है। अर्थात यह कम कार्बन का उत्सर्जन करती है, साथ ही यह तकनीकी रूप के साथ सौ फीसदी स्वच्छ भी है।

प्रश्न–

(क) उपर्युक्त गद्यांश की विषय-वस्तु है? 1

(*i*) सौर ऊर्जा (*ii*) स्वच्छ ऊर्जा

(*iii*) नाभिकीय ऊर्जा (*iv*) रेडियोधर्मी ऊर्जा

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए। 1

कथन (A) – न्यूक्लियर फ्यूजन सौर ऊर्जा से भी विश्वसनीय ऊर्जा स्रोत है।

कारण (R) – इससे दुनिया को स्वच्छ ऊर्जा प्राप्त होगी।

(*i*) कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।

(*ii*) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(*iii*) कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।

(*iv*) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।

(ग) वैज्ञानिकों द्वारा कृत्रिम सूरज को धरती पर बनाने के पीछे कारण है– 1

(*i*) ऊर्जा की कमी दूर करने के लिए (*ii*) पर्यावरण के लाभ के लिए

(*iii*) प्राकृतिक ऊर्जा संग्रह के लिए (*iv*) फ्यूजन तकनीक को सिद्ध करने के लिए

(घ) सूर्य को असीमित ऊर्जा का स्रोत क्यों माना जाता है? 2

(ङ) नाभिकीय ऊर्जा जीवाश्म ईंधनों से किस प्रकार भिन्न है? 2

खंड–ख
(व्यावहारिक व्याकरण)

3. **पदबंध पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (4 × 1 = 4)

(क) वज़ीर अली की जांबाजी और साहसिक कारनामों से सभी परिचित थे–वाक्य में से विशेषण पदबंध चुनकर लिखिए। 1

(ख) किसी वाक्य में संज्ञा पदबंध की पहचान कैसे की जाती है, उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। 1

(ग) सबकी सहायता करने वाले आप आज उदास क्यों हैं–वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए। 1

(घ) मैं खेलते-कूदते कक्षा पास कर लेता हूँ–वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए। 1

(ङ) क्रिया पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। 1

4. **'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (4 × 1 = 4)

(क) 'दादा को तार देने के सिवा तुम्हें और कुछ न सूझेगा'–वाक्य का भेद लिखिए। 1

(ख) भीड़ की अधिकता के कारण पुलिस जुलूस को रोक नहीं सकी–संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए। 1

(ग) उदाहरण द्वारा सरल एवं मिश्र वाक्य में अंतर स्पष्ट कीजिए। 1

(घ) संयुक्त वाक्य में समुच्चयबोधक अव्यय की भूमिका स्पष्ट कीजिए। 1

(ङ) गायन इतना प्रभावी था कि वह अपनी सुध-बुध खोने लगा–वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए। 1

5. **'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (4 × 1 = 4)

(क) सामासिक पद अन्य व्याकरणिक पदों से किस प्रकार भिन्न होता है? 1

(ख) तत्पुरुष समास में पूर्व पद और उत्तर पद की भूमिका स्पष्ट कीजिए। 1

(ग) 'यथाशक्ति' अव्ययीभाव समास है कैसे? 1

(घ) 'त्रिलोकीनाथ' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए। 1

(ङ) द्विगु समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए। 1

6. **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (4 × 1 = 4)

(क) भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित होने के लिए ..... करनी पड़ती है। 1

(उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ख) समुद्र किनारे शाम को ततांरा रोज वामीरो की ..... था। 1

(उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) शैलेंद्र का मुरझाया हुआ चेहरा देखकर राज कपूर ने मुस्कराते हुए कहा, "निकालो एक रुपया, पारिश्रमिक पूरा एडवांस।" पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। 1

(घ) 'काम तमाम कर देना' और 'धूल में मिला देना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए। 1

(ङ) 'निराशा के बादल फटना' मुहावरे का वाक्य बनाइए। 1

खंड – घ

(रचनात्मक लेखन)

12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए– (1 × 5 = 5)

1. चुनाव में मतदान का महत्त्व
   - चुनाव क्या है • चुनाव की आवश्यकता • मतदान का महत्त्व
2. स्वच्छता में आम आदमी की भूमिका
   - स्वच्छता क्यों आवश्यक • स्वच्छता का स्वास्थ्य पर प्रभाव • हमारी भूमिका
3. यांत्रिक सुविधाओं का पर्यावरण पर प्रभाव
   - यांत्रिक सुविधा से अभिप्राय • यंत्रों की अधीनता • पर्यावरण पर प्रभाव

13. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए–** (1 × 5 = 5)

आप श्याम/दीपशिखा हैं। विद्यालय में भाषा प्रयोगशाला खुलवाने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए जिससे विद्यार्थी भाषा की ध्वनियों को समझकर श्रवण एवं वाचन कौशल का विकास कर सकें।

अथवा

आप बी–43, आकाश विहार, दिल्ली निवासी सजल/सत्या हैं। हर साल होने वाली 'परीक्षा पर चर्चा' पर अपने विचार व्यक्त करते हुए किसी प्रतिष्ठित समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

14. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–** (1 × 4 = 4)

आप राहुल/रोशनी हैं। आप अपने स्कूल के विद्यार्थी परिषद के सचिव हैं। आपके स्कूल में अंतर्विद्यालयी वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस विषय में सभी विद्यार्थियों को जानकारी देने हेतु एक सूचना तैयार कीजिए।

अथवा

आप वैशाली निवासी अमर/अवनि हैं। आप अपने क्षेत्र के 'निवासी कल्याण संघ' के सचिव हैं। अपने क्षेत्र में लगने वाले रक्तदान शिविर की जानकारी देते हुए एक सूचना लिखिए।

15. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–** (1 × 3 = 3)

आपने खेल सामग्री की एक नई दुकान खोली है। अपनी दुकान के बारे में जानकारी देते हुए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

'भ्रष्टाचार मुक्त भारत' के विषय में लोगों को जागरूक करते हुए सरकार की ओर से एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

16. 'एक शाम जब मैं घर में बैठी थी तभी अचानक किसी ने जोर से दरवाजा खटखटाया। मैं चौंक गया/गई ....' पंक्ति से लगभग 100 शब्दों में **लघुकथा** लिखिए। (1 × 5 = 5)

अथवा

'आप शमित/संयम हैं। आप लालटेन गंज में रहते हैं। आपके क्षेत्र में पिछले एक महीने से बिजली की गंभीर समस्या चल रही है। इसकी जानकारी देते हुए बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी को लगभग 80 शब्दों में **ई-मेल** लिखिए।

दिल्ली पब्लिक स्कूल, भिलाई

दिनांक : 06.12.2024 | प्रादर्श प्रश्न-पत्र 2024-25 | निर्धारित समय : 3घण्टे

कक्षा : दसवीं | विषय - हिन्दी 'ब' कोड संख्या : 085 | पूर्णांक : 80

नाम : ..... | रोल नंबर : .....

सामान्य निर्देश :

- ❖ इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं – 'क', 'ख' 'ग' और 'घ'
- ❖ खंड 'क' में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनका उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- ❖ खंड 'ख' में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- ❖ खंड 'ग' पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- ❖ खंड 'घ' रचनात्मक लेखन पर आधारित है, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- ❖ प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- ❖ यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

खंड क (वस्तुपरक) अपठित गद्यांश

I. **निम्नलिखित गद्द्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-** (7)

वन प्राकृतिक सुषमा के घर हैं। इन्हीं वनों में अनेक वन्य प्राणियों को आश्रय मिलता है। ये वन ही पर्यटन के आकर्षक स्थल है। बाघ, सिंह, हाथी, चीता तथा इसी प्रकार के अन्य आकर्षक पशु-पक्षी वनों में ही निवास करते हैं। हमारे देश में तो वृक्षों को पूजने की परंपरा है। हमारी संस्कृति में वृक्षारोपण पुण्य का कार्य माना जाता है तथा किसी फलदार अथवा हरे-भरे वृक्ष को काटना पाप है। पुराणों के अनुसार एक वृक्ष लगाने से उतना ही पुण्य मिलता है जितना दस गुणवान पुत्रों का यश। खेद का विषय है कि हम वन संरक्षण के प्रति न केवल उदासीन हो गए हैं वरन् उनकी अंधाधुंध कटाई करके स्वयं अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहे हैं।आज नगरीकरण शैतान की आँत की तरह बढ़ता जा रहा है। बढ़ती हुई जनसंख्या के लिए आवासीय भूमि तथा उद्योग-धंधों की बढ़ती आवश्यकता ने हमें वनों की सफ़ाई करने पर विवश कर दिया है। परिणामतः आज हमारे देश में वन क्षेत्रों का निरंतर अभाव होता जा रहा है। वनों को काटकर शानदार बस्तियाँ बसाई जा रही है तथा अन्य बड़े-बड़े उद्योग-धंधे स्थापित किए जा रहे हैं जिसका प्रभाव हमारी जलवायु पर पड़ रहा है। आए दिन आने वाली बाढ़, सूखा, भू-क्षरण, पर्वत-स्खलन तथा पर्यावरण की समस्याएँ मानव के विकास की भूमिका बाँध रही है और ये समस्याएँ चेतावनी देती हैं-'हे मनुष्य! अभी समय है ,वनों की अंधाधुंध कटाई मत कर अन्यथा बहुत पछताना पड़ेगा पर मानव है कि उसके कान पर जूँ न रेंगती। वह वनों की कटाई के इन दूरगामी दुष्परिणामों की ओर से आँखें मूँदें बैठा है|

1. निम्नलिखित में से किसका संबंध वनों से नहीं है? 1

(क) वन पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं। (ख) वनों में बारिश बहुत कम होती है

(ग) वन प्राकृतिक सुषमा के घर है (घ) वन में वन्य प्राणी रहते है

2. वृक्षारोपण के विषय में कौन-सी बात हमारी संस्कृति तथा पुराणो में नहीं कही गई है? 1

(क)वृक्षारोपण एक पुण्य कार्य है (ख) आवश्यकता पड़ने पर हरे भरे वृक्षों को काटना

(ग) हरे भरे फलदार वृक्षों को काटना पाप है (घ) वृक्षारोपण गुणवान पुत्रों के यश के बराबर है

3. 'कान पर जूँ न रेंगना' मुहावरे का अर्थ है: 1

(क) समझ में न आना (ख) बात न मानना (ग) ज़रा भी असर न पड़ना (घ) सुनी अनसुनी करना

4. आज वनों का काटा जाना हमारी विवशता क्यों है? 2

5. वनों के काटे जाने से हमें कौन- कौन सी समस्याओं का सामना करना पड़ता है? 2

II.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित बहुविकल्पीय एवं वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (7)

जो लोग अपनी असफलताओं के लिए या जीवन में गतिरोध के लिए हालातों को जिम्मेदार ठहराते हैं, वे लोग या तो गलत है या हालात से डरते हैं , वे या तो जीवन को समझ नहीं पाए या उलझनों में फंसे हुए हैं , वे या तो आलसी है या अकर्मण्य हैं। एक कारण और भी हो सकता है कि उनकी नीयत और नीति में मेल न हो। यह अति आवश्यक है कि नीयत और नीति दोनों एक सूत्र में पिरोई हुई हों अर्थात् मेल खाती हो पर ऐसा कदापि संभव नहीं है और नीयत मानसिक इच्छा है, जो खोटी भी हो सकती है और खरी भी। खोटी नीयत वाला व्यक्ति कदापि इस संसार में नहीं टिक सकता और यदि टिकेगा, तो बहुत कम समय के लिए, केवल तब तक जब तक उसकी नीयत खुलकर सामने नहीं आती, क्योंकि नीति की जननी नीयत है और जब जननी में ही दोष है, तो संतान में कोई न कोई विकृति अवश्य आ जाएगी। हालातों को असफलता के लिए जिम्मेदार ठहराना ठीक नहीं लगता,क्योंकि हालात तो उनके साथ भी वही होते हैं या लगभग वही होते हैं, जो सफलता प्राप्त करते हैं। यदि कोई व्यक्ति अपनी असफलताओं की जिम्मेदारी खुद नहीं ले सकता, तो वह अपनी .सफलता की २जिम्मेदारी लेने के काबिल नहीं है। जीवन का असली आनंद तो तभी है, जब परिस्थितियाँ विषम हो।

1. किस तरह के लोगों की नीयत और नीति में मेल नहीं रहता है? 1

(क) अकर्मण्य व आलसी लोग (ख) जिम्मेदार ठहराने वाले लोग

(ग) जीवन को न समझने वाले लोग (घ) उपरोक्त सभी

2. खोटी नीयत वाला व्यक्ति इस संसार में क्यों नहीं टिक पाता? 1

(क) अवगुणों के कारण (ख) अभाव के कारण

(ग) गलत नीयत या नीति के कारण (घ) उदारता के कारण

3. निम्नलिखित किस परिणाम का संबंध वनों के काटे जाने से नहीं है? 1

(क) आए दिन आने वाली बाढ़ें (ख) भू-क्षरण (ग) पर्वत -स्खलन (घ) भूदान

4. असफलता के लिए किसे जिम्मेदार ठहराना ठीक नहीं माना गया है ? क्यों ? 2

5. लेखक ने नीति की जननी किसे कहा है ? 2

खंड-'ख' (व्यावहारिक व्याकरण)

III. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए | 1x4= 4

1. 'तताँरा <u>बहुत बलशाली</u> भी था।' रेखाकिंत में पद है

2. 'वे माँ से कहानी सुनते रहते हैं।' वाक्य में क्रिया पदबंध बताइए |

3. बँगले के पीछे लगा पेड़ गिर गया। वाक्य में रेखांकित पदबंध है

4. विशेषण पदबंध का परिचय उदाहरण सहित दीजिए |

5. मैं तेजी से दौड़ता हुआ घर पहुंचा। रेखांकित में कौन सा पदबंध है?

IV. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1x4= 4

1. 'बच्चे आए हैं और खेल रहे हैं।' वाक्य-रचना की दृष्टि से है?

2. परिश्रमी व्यक्ति के लिए कुछ भी संभव नहीं है।((संयुक्त वाक्य)

3. चूंकि वह अपराधी था, इसलिए उसे सज़ा मिली।((सरल वाक्य)

4 'चोर को देखकर सिपाही उसे पकड़ने दौड़ा ' वाक्य को मिश्र वाक्य में रूपांतरण कीजिए

5. मिश्र वाक्य को संयुक्त वाक्य में अथवा संयुक्त को सरल वाक्य में बदलने को ... . कहते हैं।

V. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1x 4= 4

1.'चक्रपाणि' समस्त पद का समास विग्रह करते हुए समास का नाम बताइए ।

2. जिस समास के दोनों पद प्रधान होते है वहां पर कौन सा समास होता है ?

3. कर्मधारय और बहुब्रीहि समास में क्या अंतर है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

4. समस्त पद और समास विग्रह में क्या अंतर है ?

5. 'आठ अध्यायों का समाहार' समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए।

VI. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1x4= 4

1. नौकरी क्या लगी मोहन का तो .....हो गया | उचित मुहावरा लिखिए |

2. भाई साहब ऐसी कटु बातें सुनाते कि _____ रह जाता |

3. "आसमान के तारे तोड़ना" मुहावरे का क्या अर्थ है? इसका प्रयोग एक वाक्य में करें।

4. देश के युवकों में राष्ट्र-भक्ति की भावना _____ भर दीजिए |

5.कौन सा मुहावरा सुमेलित नहीं है -

(क) अंधे की लकड़ी - एकमात्र सहारा

(ख) आग में घी डालना - स्थिति को और बिगाड़ना

(ग) ऊंट के मुंह में जीरा - बहुत कम मात्रा में देना

(घ) कलेजे पर सांप लोटना - ज़हरीला साँप लड़ना

खंड 'ग' पाठ्यपुस्तक और पूरक पाठ्यपुस्तक

VII.गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए- 1X5=5

वामीरो के रुदन स्वरों को सुनकर उसकी माँ वहाँ पहुँची और दोनों को देखकर आग बबूला हो उठी।सारे गाँव वालों की उपस्थिति में यह दृश्य उसे अपमानजनक लगा।इस बीच गाँव के कुछ लोग भी वहाँ पहुँच गए।वामीरो की माँ क्रोध में उफन उठी।उसने तँतारा को तरह-तरह से अपमानित किया| गाँव के लोग भी

तताँरा के विरोध में आवाजें उठाने लगे| यह तताँरा के लिए असहनीय था| वामीरो अब भी रोए जा रही थी | तताँरा भी गुस्से से भर उठा | उसे जहाँ विवाह की निषेध परम्परा पर क्षोभ था वहीं अपनी असहयता पर खीझ | वामीरो का दुख उसे और गहरा कर रहा था। उसे मालूम न था कि क्या कदम उठाना चाहिए? अनायास उसका हाथ तलवार की मूठ पर जा टिका। क्रोध में उसने तलवार निकाली और कुछ विचार करता रहा। क्रोध लगातार अग्नि की तरह बढ़ रहा था।

1. गद्यांश में क्रोध और अग्नि की तुलना क्यों की गई है ?

(क) क्रोध और अग्नि दोनों ही बड़े गर्म होते हैं। (ख) तताँरा का स्वभाव बहुत गुस्सेवाला था।

(ग) क्रोध और अग्नि पर नियंत्रण कठिन है। (घ) वामीरों की माँ और तताँरा दोनों ही गुस्से में

2. तताँरा को गुस्सा क्यों आया ?

(क)वामीरो की माँ ने तताँरा से झगड़ा किया। (ख) उसे विवाह की निषेध परंपरा पर क्षोभ था।

(ग) वामीरो अब विवाह के लिए तैयार न थी। (घ) वामीरो ने तताँरा की सहायता नहीं की।

3.वामीरो की माँ को दृश्य अपमानजनक क्यों लगा ?

(क)माँ को गाँव के समक्ष अपमान महसूस हुआ। (ख) माँ को वामीरो के लिए तँतारा पसंद नहीं था।

(ग)माँ गाँव की परम्परा से बंधी थी| (घ) माँ वामीरो से बहुत प्यार करती थी |

4.'तताँरा वामीरो कथा' समाज की किस समस्या की ओर ध्यान इंगित कराती है?

(क) जातिप्रथा (ख) बेमेलविवाह (ग) विवाह के परम्परागत नियम (घ) बाल-विवाह

5. आग बबूला हो उठने' का क्या अर्थ है?

(क) अत्यधिक क्रोध आना (ख) आग की प्रचंड लपटों की तरह लहराना

(ग) बच्चों कि चिंता करना (घ) बहुत परेशान हो उठना

VIII.पद्यांश को पढ़कर संबंधित प्रश्नों के सही उत्तर छाँटिए - 1X5=5

'पोथी पढ़ि-पढ़ि जग मुवा, पंडित भया न कोई।
ऐकै अषिर पीव का, पढ़े सु पंडित होइ ॥
हम घर जाल्या आपणा, लिया मुराड़ा हाथि।
अब घर जालौं तास का, जे चलै हमारे साथि ॥

1. ईश्वर प्रेम के बिना व्यक्ति क्या नहीं बन सकता?

(क) प्रिय (ख) प्रशंसक (ग) ज्ञानी (घ) निंदक

2. ईश्वर प्रेम के कितने अक्षर पढ़ लेने पर मनुष्य सच्चा ज्ञानी बन जाता है?

(क) एक (ख) दो (ग) तीन (घ) चार

3. कवि ने अपने अंदर की बुराइयों को नष्ट किया-

(क) बड़े-बड़े ग्रंथ खोजकर (ख) अपने घर में रहकर

(ग) ज्ञान की जलती लकड़ी से (घ) अज्ञान की जलती अग्नि से

4. कबीरदास जी अपने साथ चलने वाले लोगों के बारे में कह रहे हैं-

(क) उनके अंदर की विषय-वासनाओं को नष्ट करने के लिए (ख) उनको अपने से दूर करने के लिए

(ग) अपने घर जलाने के लिए (घ) दूसरों के घर नष्ट करने के लिए

5. उपर्युक्त काव्यांश में कवि ने मनुष्य को प्रेरणा दी है-

(क) जीवन का संपूर्ण आनंद उठाने वाले (ख) आरामदायक जीवन जीने की

(ग) जीवन को सदुपयोगी बनाने की। (घ) हमेशा संघर्ष करने की

IX. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 3X2=6

1. 'बड़े भाईसाहब ' नामक कहानी से जो प्रेरणा मिलती है, उसे अपने शब्दों में लिखिए।
2. डायरी का एक पन्ना ' पाठ के आधार पर बताइए कि पुलिस ने कैसा दमनचक्र चलाया और क्यों? लोगों ने किस प्रकार उसका मुँहतोड़ उत्तर दिया ?
3. लेखक के अनुसार सत्य केवल वर्तमान है ,उसी में जीना चाहिए | लेखक ने ऐसा क्यों कहा होगा ? पाठ के आधार पर लिखिए|
4. वजीर अली एक जाबाँज़ सिपाही था , पाठ के आधार उसकी वीरता उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए |

X. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 3X2=6

1. पावस ऋतु में प्रकृति में कौन- कौन से परिवर्तन आते हैं? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
2. ' मनुष्यता' कविता के आधार पर आदर्श मानवता पर अपने विचार स्पष्ट कीजिए।
3. भाव भक्ति को जागीर क्यों कहा गया है ?
4. 'सर हिमालय का हमने न झुकने दिया' -इस पंक्ति में हिमालय किसका प्रतीक है?इस पंक्ति के द्वारा कवि क्या कहना चाहता है ?

XI. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 2X3=6

1. 'हरिहर काका ' पाठ के आधार पर लिखिए कि स्वार्थ- लिप्सा के कारण आजकल पारिवारिक संबंध कैसे बिगड़ते हैं?
2. टोपी और इफफन की दादी अलग-अलग मजहब और जाति के होने पर भी एक अनजान अटूट रिश्ते से बंधे थे | इस कथन के आलोक में अपने विचार लिखिए |
2. 'सपनों के -से दिन पाठ के आधार पर बताइए कि स्कूल की छुट्टियों के शुरू और आखिरी दिनों में बच्चों की दृष्टि में क्या अंतर होता था? क्या यही स्थिति आपकी भी होती है? अपने

विचार लिखिए।

खंड-' घ 'रचनात्मक लेखन

XII. निम्न में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए| 5

(क़) मेरे सपनों का भारत (संकेत बिंदु - कैसा है , क्या अपेक्षा है , आपका कर्त्तव्य)

(ख) देव - देव आलसी पुकारा (संकेत बिंदु - कथन का अर्थ, आलस्य सबसे बड़ा शत्रु , कर्म से सफलता

(ग) कृत्रिम बौद्धिकता(आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस) के बढ़ते कदम (संकेत बिंदु - क्या है,बढ़ता प्रभाव,दुष्प्रभाव)

XIII. अपने क्षेत्र में फैली गंदगी के विषय में सूचित करते हुए नगर - निगम आयुक्त को पत्र लिखिए | 5

अथवा

समाज में बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए नागरिकों को जागरूक करने का आग्रह करते हुए किसी समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए |

XIV. आपका विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है I विद्यार्थी संघ के सचिव की ओर से नोटिस बोर्ड पर लगाने के लिए सूचना तैयार कीजिए | 4

अथवा

अपने क्षेत्र के 'निवासी कल्याण संघ' के सचिव की ओर से अपने क्षेत्र में लगने वाले रक्तदान शिविर की जानकारी देते हुए सूचना तैयार कीजिए I

XV. खेल सामग्री की दुकान का प्रचार करने हेतु एक विज्ञापन तैयार कीजिए । 3

अथवा

मतदान हेतु प्रेरित करने वाला एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

XVI. 'जैसा करोगे वैसा भरोगे' शीर्षक पर आधारित एक लघुकथा लिखिए| 5

अथवा

आप राजेन्द्र नगर निवासी अजय हैं | अपने क्षेत्र में विद्युत की अनियमित आपूर्ति की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए विद्युत आपूर्ति विभाग के महानिदेशक को शिकायती ई -मेल लिखिए|

दिल्ली पब्लिक स्कूल, भिलाई

प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 2024-25

कक्षा-दसवीं हिन्दी-ब (कोड 085)

निर्धारित समय: 3 घंटे **अधिकतम अंक : 80**

सामान्य निर्देश-

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं - क, ख, ग और घ
- खंड क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

खण्ड- क

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (7)

मुंशी प्रेमचंद का जीवन अनुशासित था। वे सवेरे ही उठ जाते थे और नित्यकर्म से निवृत्त होकर एक घंटे घूमने जाते थे। वे अकसर स्कूल के अहाते में ही घूम लेते थे। लौटकर वे घर के ज़रूरी काम निपटाते थे। वे अधिकांश काम स्वयं करते थे। नौकर से अधिक काम लेना उन्हें पसंद न था। अपना बिस्तर स्वयं उठाते, अपनी धोती स्वयं धोते। वे अपनी आदत नहीं बिगाड़ना चाहते थे। उन्हें वह समय सदा याद रहता था कि कभी वे स्वयं पाँच रुपये के नौकर थे। उनका मानना था कि जिस आदमी के हाथ में काम करने के घट्टे न पड़े हों, उसे खाना खाने का अधिकार नहीं है। उन्हें काम करने में रत्ती भर भी शर्म महसूस नहीं होती थी। वे बकरी के सामने पत्ती तोड़कर डाल देते थे और गाय की सानी भी कर देते थे। कमरे-बरामदे में झाड़ू लगा देना, पत्नी के बीमार होने पर चूल्हा जला देना, बच्चों को तैयार कर दूध पिला देना आदि काम वे प्राय: कर लेते थे। स्वयं हल्का-सा नाश्ता करके लिखने बैठ जाते थे। लिखने के लिए उन्हें प्रात:काल पसंद था। स्कूल का समय होने तक वे लिखते रहते, फिर कपड़े बदलकर ठीक समय पर स्कूल जा पहुँचते। वे समय के बहुत पाबंद थे। वे छात्रों के सामने अच्छा उदाहरण रखना चाहते थे। समय बर्बाद करना वे बहुत बड़ा गुनाह मानते थे। उनका विचार था कि समय की पाबंदी के बिना कोई जाति तरक्की नहीं कर सकती।

(क) उपर्युक्त गद्यांश किस विषय-वस्तु पर आधारित है? (1)

(i) मुंशी प्रेमचंद की साहित्यिक कृतियाँ
(ii) मुंशी प्रेमचंद का अनुशासित जीवन
(iii) भारतीय समाज में समय का महत्त्व
(iv) साहित्यकारों का दैनिक जीवन

(ख) गद्यांश के अनुसार, प्रेमचंद सबसे बड़ा गुनाह किसे मानते थे? (1)

(i) घर के काम करना
(ii) समय को नष्ट करना
(iii) किसी के सामने झुकना
(iv) नौकर से काम लेना

(ग) **कथन** (A) मुंशी प्रेमचंद को नौकरों से अधिक काम लेना पसंद नहीं था।
कारण (R) उन्हें हर समय याद रहता था कि वे स्वयं भी कभी नौकर थे। (1)

कूट

(i) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
(ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।
(iii) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।
(iv) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(घ) प्रेमचंद के अनुसार कैसे व्यक्ति को खाने का अधिकार नहीं है? (2)

(ङ) प्रेमचंद द्वारा अपना काम स्वयं करना किस बात का द्योतक है? (2)

प्रश्न 2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (7)

आज हम एक स्वतंत्र राष्ट्र की स्थिति प्राप्त कर चुके हैं, राष्ट्र की अनिवार्य विशेषताओं में दो हमारे पास हैं, भौगोलिक अखंडता और सांस्कृतिक एकता। परंतु अब तक हम उस वाणी को प्राप्त नहीं कर सके हैं, जिसमें एक स्वतंत्र राष्ट्र दूसरे राष्ट्रों को अपना परिचय देता है। बहुभाषा-भाषी देश तो और भी अनेक हैं, परंतु उनकी अविच्छिन्न स्वतंत्रता की तुलना में भारत विषम पराधीनता को झेलता रहा है। हमारी परतंत्रता भी आँधी-तूफान के समान नहीं आई। वह तो रोग के कीटाणु लाने वाले मंद समीर के समान साँस में समाकर शरीर में व्याप्त हो गई है। हमें यह ऐतिहासिक सत्य भी विस्मृत हो गया कि कोई विजेता विजित देश पर राजनीतिक प्रभुत्व पाकर ही संतुष्ट नहीं होता, क्योंकि सांस्कृतिक प्रभुत्व के बिना राजनीतिक विजय न पूर्ण है, न स्थायी। घटनाएँ संस्कारों में चिर जीवन पाती हैं और संस्कार के अक्षय वाहक शिक्षा, साहित्य, कला आदि हैं। दीर्घकाल से विदेशी भाषा हमारे विचार-विनिमय और शिक्षा का माध्यम ही नहीं रही। वह हमारे विद्वान और सुसंस्कृत होने का प्रमाण भी मानी जाती रही है। ऐसी स्थिति में यदि हममें से अनेक उसके अभाव में जीवित रहने की कल्पना से सिहर उठते हैं, तो आश्चर्य की बात नहीं। पर रोग की स्थिति को स्थायी मानकर तो चिकित्सा संभव नहीं होती। राष्ट्र-जीवन की पूर्णता के लिए उनके मनोजगत को मुक्त करना होगा और यह कार्य विशेष प्रयत्नसाध्य है, क्योंकि शरीर को बाँधने वाली शृंखला से आत्मा को जकड़ने वाली शृंखला अधिक दृढ़ होती है।

(क) सांस्कृतिक प्रभुत्व के बिना राजनीतिक विजय न पूर्ण है, न स्थायी। पंक्ति के माध्यम से लेखक एक राष्ट्र की ..... को अनिवार्य तत्त्व बता रहे हैं। (1)

(i) सांस्कृतिक एकता
(ii) राजनीतिक एकता
(iii) भौगोलिक अखंडता
(iv) सांस्कृतिक और राजनीतिक एकता

(ख) कोई राष्ट्र राजनीतिक प्रभुत्व पाकर भी संतुष्ट क्यों नहीं होता है? (1)

(i) क्योंकि समाज में वह अधिक पाना चाहता है।
(ii) क्योंकि सांस्कृतिक प्रभुत्व के बिना राजनीतिक विजय पूर्ण और स्थायी नहीं होती।
(iii) क्योंकि दीर्घकाल से गुलामी झेलकर राजनीति में पूर्ण विजय प्राप्त नहीं होती।
(iv) क्योंकि केवल राजनीतिक सफलता से आर्थिक स्वतंत्रता नहीं मिलती।

(ग) **कथन** भारत ने विदेशी भाषा को विद्वता का प्रमाण मान लिया है।
निष्कर्ष विदेशी भाषा से भारतीय शिक्षा और सांस्कृतिक पहचान प्रभावित हो रही है। (1)

(i) कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है।
(ii) कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
(iii) कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।
(iv) कथन गलत है, लेकिन निष्कर्ष सही है।

(घ) हमारे राष्ट्र में राष्ट्रभाषा के प्रतिष्ठित न हो सकने का मुख्य कारण क्या था? (2)

(ङ) राष्ट्र जीवन की पूर्णता के लिए क्या आवश्यक है? (2)

खण्ड - ख

प्रश्न 3 *निर्देशानुसार पदबंध पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* 1×4=4

(क) 'मुझे यहाँ शोर सुनाई दे रहा है।' रेखांकित वाक्यांश के पदबंध का भेद बताइए। (1)

(ख) 'परम दानी राजा रंतिदेव ने एक भूखे व्यक्ति को अपनी भोजन की थाली दे दी थी।' वाक्य में विशेषण पदबंध बताइए। (1)

(ग) क्रिया-विशेषण पदबंध का एक उदाहरण दीजिए तथा क्रिया-विशेषण पदबंध को रेखांकित कीजिए। (1)

(घ) 'तताँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी।' रेखांकित वाक्यांश में कौन-सा पदबंध है? (1)

(ङ) शेर की तरह दहाड़ने वाले तुम क्यों काँप रहे हो? इस वाक्य में कौन-सा पदबंध है? (1)

प्रश्न 4 *निर्देशानुसार वाक्य रूपांतरण पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* 1×4=4

(क) 'वजीर अली के जन्म को सआदत अली ने अपनी मौत माना।' प्रस्तुत वाक्य का संयुक्त वाक्य क्या होगा? (1)

(ख) 'जब राजा घर आया तो रोहित चला गया।' प्रस्तुत वाक्य को सरल वाक्य में रूपांतरित कीजिए। (1)

(ग) 'जिस खिलाड़ी ने शतक लगाया था उसे 'मैन ऑफ द मैच' दिया गया।' प्रस्तुत वाक्य को रचना के आधार पर सरल वाक्य में रूपांतरित कीजिए। (1)

(घ) 'अधिकारियों की मिलीभगत से हरे पेड़ काटे जा रहे हैं।' प्रस्तुत वाक्य को रचना के आधार पर मिश्रित वाक्य में बदलिए। (1)

(ङ) 'अंग्रेज़ी पढ़ने वाला विद्वान बनता है।' वाक्य को मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए। (1)

प्रश्न 5 *निर्देशानुसार समास पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* 1×4=4

(क) 'वचनामृत' पद में कौन-सा समास प्रयुक्त है? (1)

(ख) 'चौराहा' शब्द का सही समास-विग्रह क्या है? इसमें कौन-सा समास प्रयुक्त है? (1)

(ग) 'स्वर्गनरक' समस्तपद का विग्रह कीजिए। (1)

(घ) 'देशोद्धार' शब्द का समास-विग्रह कीजिए और समास बताइए। (1)

(ङ) 'शोकमग्न' शब्द में कौन-सा समास है? (1)

प्रश्न 6 *निर्देशानुसार मुहावरे पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* 1×4=4

(क) "विजय ने मंच पर आने के बाद तो मानों जैसे गागर में सागर ही भर दी।" पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। (1)

(ख) 'गढ़ फतह करना' मुहावरे का अर्थ क्या है? इसका वाक्य में प्रयोग कीजिए। (1)

(ग) सही मुहावरे का प्रयोग करके वाक्य को पूरा करें। (1)
गाँधीजी में देश सेवा की भावना ..... थी।

(घ) 'भयंकर शत्रु' के लिए उपयुक्त मुहावरा क्या है? इसका वाक्य में प्रयोग कीजिए। (1)

(ङ) रेखांकित अंश के लिए कौन-सा मुहावरा सही होगा? (1)
"पिछले कई वर्षों से कंपनी बहुत ऊँचाई पर पहुँच गई है।"

खण्ड- ग

प्रश्न 7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प को चुनकर लिखिए 5×1=5

मेरी माँ कहती थी, सूरज ढले आँगन के पेड़ों से पत्ते मत तोड़ो, पेड़ रोएँगे। दीया-बत्ती के वक्त फूलों को मत तोड़ो, फूल बद्दुआ देते हैं।....दरिया पर जाओ तो उसे सलाम किया करो, वह खुश होता है। कबूतरों को मत सताया करो, वे हजरत मुहम्मद को अज़ीज़ हैं। उन्होंने उन्हें अपनी मजार के नीले गुंबद पर घोंसले बनाने की इजाजत दे रखी है। मुर्गे को परेशान नहीं किया करो, वह मुल्ला जी से पहले मोहल्ले में अजान देकर सबको सवेरे जगाता है।

सबकी पूजा एक-सी, अलग-अलग है रीत।
मस्जिद जाए मौलवी, कोयल गाए गीत।।

(क) गुंबद से क्या तात्पर्य है? (1)

(i) इमारत का अर्द्ध-गोलाकार शिखर
(ii) लोगों का समूह
(iii) पक्षियों के रहने का स्थान
(iv) नदियों की समतल भूमि

(ख) माँ ने शाम के समय पेड़ों से पत्ते न तोड़ने के पीछे क्या तर्क दिया? (1)

(i) उस समय पेड़ सोते हैं
(ii) उस समय पेड़ दूसरी दुनिया में होते हैं
(iii) ऐसा करने से पेड़ रोते हैं
(iv) उस समय पेड़ ध्यान लगाते हैं

(ग) **कथन** (A) लेखक की माँ कबूतरों को सताने और मुर्गे को परेशान करने से मना करती है। (1)
कारण (R) लेखक की माँ के मन में पशु-पक्षियों के प्रति प्रेम भरा था।

(i) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।
(ii) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
(iii) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।
(iv) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(घ) माँ के अनुसार, दीया-बाती के समय फूल तोड़ने से क्या होता है? (1)

(i) फूल मुरझा जाते हैं
(ii) फूल बद्दुआ देते हैं
(iii) फूल अपने-आप गिर जाते हैं
(iv) फूलों की सुगंध समाप्त हो जाती है

(ङ) दरिया पर जाओ, तो उसे सलाम करो, वह खुश होता है, कबूतरों को मत सताया करो, वे हजरत मुहम्मद को अज़ीज हैं। दीया-बत्ती के वक्त फूलों को तोड़ने से वे बद्दुआ देते हैं। पंक्ति के माध्यम से ज्ञात होता है कि लेखक की माँ (1)

(i) प्रकृति से अत्यंत प्रेम करती है
(ii) मन में प्राणी मात्र के प्रति दया-भाव रखती है
(iii) पशु-पक्षियों की रक्षा करना अपना कर्त्तव्य मानती है
(iv) उपरोक्त सभी

प्रश्न 8. *निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए।* 2×3=6

(क) वामीरो पर तताँरा का प्रभाव जम चुका था, उसकी आँखों के सामने बार-बार तताँरा का चेहरा आ जाता। उसने तताँरा के विषय में बहुत-सी बातें सुनी थीं, किंतु वह उन सबसे अलग था। 'तताँरा-वामीरो कथा' पाठ के आधार पर तताँरा के स्वभाव की विशेषता बताइए। (2)

(ख) सिपाही किससे तंग आ गए थे और क्यों? 'कारतूस' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (2)

(ग) चाय पीने की प्रक्रिया ने लेखक के दिमाग की गति धीमी कैसे कर दी? 'पतझर में टूटी पत्तियाँ' पाठ के आधार पर बताइए। (2)

(घ) धर्म तल्ले के मोड़ पर जुलूस टूटने का क्या कारण था? 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर बताइए। (2)

प्रश्न 9. *निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।* (1×5=5) 1×5=5

गिरि का गौरव गाकर झर-झर
मद में नस-नस उत्तेजित कर
मोती की लड़ियों-से सुंदर
झरते हैं झाग भरे निर्झर!
गिरिवर के उर से उठ-उठ कर
उच्चाकाँक्षाओं से तरुवर
हैं झाँक रहे नीरव नभ पर
अनिमेष, अटल, कुछ चिंतापर।

(क) झरने की आवाज सुनकर कवि की नस-नस में जोश भर जाता है। इससे ज्ञात होता है कि कवि ..... है। (1)
(*i*) उदासीन (*ii*) उत्साही (*iii*) उमंग से भरपूर (*iv*) (ii) और (iii) दोनों

(ख) पर्वतों से बहने वाले झरनों की आवाज सुनकर कवि को कैसा लगता है? (1)
(*i*) मानो वे पर्वतों का गुणगान कर रहे हों (*ii*) मानो वे अपनी सुंदरता का गुणगान कर रहे हों
(*iii*) मानो वे संसार में सबसे अधिक शक्तिशाली हों (*iv*) मानो उनके समान कोई दूसरा न हो

(ग) झाग भरा किसे कहा गया है? (1)
(*i*) बादल को (*ii*) निर्झर को
(*iii*) गिरि को (*iv*) नभ को

(घ) पेड़ शांत आकाश को किस प्रकार निहार रहे हैं? (1)
(*i*) ऊँचा उठकर (*ii*) बिना पलक झपकाए (*iii*) प्रसन्न भाव से (*iv*) निराशापूर्ण भाव से

(ङ) **कथन** (A) पहाड़ों पर उगे पेड़ शांत आकाश को निहार रहे हैं।
कारण (R) पेड़ों के मन में ऊँची आकांक्षाएँ छिपी हैं और वे आकाश के रहस्यों को जानना चाहते हैं। (1)
(*i*) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
(*ii*) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
(*iii*) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।
(*iv*) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

प्रश्न 10. *निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए।* (2×3=6) 2×3=6

(क) कवि ने लक्ष्मण रेखा को माध्यम बनाकर कौन-सी बात कही थी? 'कर चले हम फ़िदा' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (2)

(ख) कवि के अनुसार, मनुष्य की मृत्यु गौरवशाली होनी चाहिए। 'मनुष्यता' पाठ के आधार पर गौरवशाली मृत्यु किसे कहा गया है? (2)

(ग) मीरा की विरह की व्याकुलता का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए। (2)

(घ) 'आत्मत्राण' शीर्षक की सार्थकता कविता के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए। (2)

प्रश्न 11. *निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में दीजिए।* (3×2=6) 3×2=6

(क) दो साल लगातार फेल होने पर अब्दुल वहीद ने टोपी को ऐसी तीखी बात बोली कि टोपी ने इस वर्ष पास होने की कसम खा ली और हुआ भी यही। असफलता के परिणामस्वरूप मनुष्य में परिवर्तन आता है। अपने जीवन की किसी घटना का उल्लेख 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर कीजिए। (3)

(ख) लेखक के अनुसार, बचपन में सभी बच्चों का एक जैसा हाल होता है। मध्यमवर्गीय परिवार के बच्चे छोटी-छोटी गलियों में कूदते-फिरते तथा भागने-दौड़ने पर हाथ-पैर छिलने पर कोई परवाह नहीं करते, बल्कि परिवार वालों से डाँट ही पड़ती थी। 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर बताइए कि वर्तमान समय में बच्चों के बचपन में तथा अभिभावकों के व्यवहार में क्या परिवर्तन आ गया है? (3)

(ग) "हरिहर काका एक नए शोषित वर्ग के प्रतिनिधि के रूप में दिखाई देते हैं," इस कथन पर अपने तर्क प्रस्तुत करते हुए विचार व्यक्त कीजिए। (3)

खण्ड- घ

प्रश्न 12 *निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।* 5

(क) **मेरे जीवन का लक्ष्य**

संकेत बिंदु
- जीवन में लक्ष्य की आवश्यकता
